8 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 7/9/2024 12:16 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 जुलाई 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 जल जीवन मिशन के काम पूरा होने के बाद ही ठेकेदारों को करें भुगतान : कलेक्टर




NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्पलीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.** Advt.



(कटघोरा) प्रवेश प्रारंभ (कोरबा)

न्यू महाराणा I.T.I.

Affiliated by:- (N.C.V.T & D.E.T.) New Delhi (Govt. Of India)

ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, डीजल मैकेनिक, फिटर

योग्यता-10वीं पास (प्राईवट, ओपन,पत्राचार, नियमित)

प्रथम प्रवेशित 50 छात्रों को विशेष छूट

अतिशीघ्र प्रवेश लेवें मात्र 999/- नो डोनेशन

स्थान सीमित 100% रोजगार परक प्रशिक्षण

पता: प्राचार्य: लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा मो. 9203903521, 8435000498, 9203914561

पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561


## खबर संक्षेप

### निवेशकों के धनवापसी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 के तहत कोरबा में अनियमित वित्तीय कंपनी/चिटफण्ड कंपनी सर्वमंगला प्रॉपर्टीज इंडिया लिमिटेड के निवेशकों के धनवापसी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिले के कुछ निवेषकों द्वारा संबंधित चिटफण्ड कंपनी में निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर प्रस्तुत नहीं किया गया है। धनवापसी हेतु निवेशकों द्वारा निवेश से संबंधित मूल बांड पेपर सहित अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना आवश्यक है। मूल बॉण्ड पेपर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निवेशक बांड पेपर की छाया प्रति, शपथ पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। जिससे उनके निवेशित राशि की भुगतान हेतु आगे कार्यवाही की जा सकेगी। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति कार्यालय कलेक्टर के नाजिर शाखा में कर सकते हैं।

### प्रयास व एकलव्य में 9वीं व 6वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोरबा।** प्रयास एवं एकलव्य आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत क्रमशः कक्षा 9वीं एवं कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम वेबसाइट में अवलोकन कर सकते हैं। साथ ही इसका मेरिट चयन सूची अलग से प्रसारित की जाएगी। जारी परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों के नाम व रोल नंबर में किसी प्रकार की विसंगति होने पर विद्यार्थी प्रयास विद्यालय की ई-मेल आईडी में 12 जुलाई शाम 5 बजे तक अभ्यावेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार एकलव्य विद्यालय हेतु ई-मेल आईडी में 14 जुलाई रात 11.59 बजे तक अभ्यावेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

### महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह

**कोरबा।** महतारी वंदन जैसी योजना के बलबूते राज्य की गरीब महिलाओं में आत्मनिर्भरता की नींव को धीरे धीरे मजबूत करती जा रही है। महज चार महीनों में ही विष्णु सरकार की इस महतारी वंदन योजना ने छत्तीसगढ़ की न सिर्फ महिलाओं में अपितु घर-परिवार में भी खुशियों की वह मिठास घोल दी है। छत्तीसगढ़ में इस साल के 10 मार्च से महिलाओं के खाते में भेजी गई पहली किश्त एक हजार रुपए से आरंभ हुई छत्तीसगढ़ महतारी वंदन योजना का लाभ प्रदेश की लगभग 70 लाख 12 हजार से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। साल में 12 हजार रुपये कोई छोटी रकम नहीं है। यह जरूरतमंद गरीब महिलाओं के लिए आर्थिक आधार भी है। मुख्यमंत्री विगत चार महीनों से लगातार हर महीने के पहले सप्ताह महिलाओं के बैंक खाते में इस योजना अंतर्गत एक हजार की राशि ऑनलाइन माध्यम से अंतरित करते हैं।

# शनिवार के दिन छात्र नहीं लाते अब बस्ते, कराई जाती हैं सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्य शासन ने अब सप्ताह में शनिवार के दिन को प्रायमरी व मिडिल स्कूल के लिए बैगलेस डे घोषित किया है। इस दिन छात्र बस्ते लेकर नहीं आते, स्कूलों में केवल सांस्कृतिक, योगा और खेलकूद गतिविधियां ही कराई जाती है। छात्रों के शारीरिक, मानसिक विकास के लिए शनिवार के दिन को पढ़ाई से मुक्त करते हुए केवल व्यवहारिक गतिविधियों के लिए रखा गया है।

आज के समय में जब नर्सरी स्कूल से लेकर प्रायमरी स्कूल तक के बच्चे बस्ते के बोझ से दब जा रहे हैं, पालक भी बच्चों के बस्ते के बोझ से चिंतित नजर आ रहे हैं किंतु स्कूल प्रबंधन के आगे बेबश नजर आते हैं। ऐसे समय में शासन ने अपने शासकीय स्कूलों के बच्चों को बस्ते के बोझ से मुक्ति के लिए नए तरीके का इजात किया है। इसमें शनिवार के दिन को बैगलेस डे सभी प्रायमरी व मिडिल स्कूल में घोषित किया गया। हिन्दी में इसे बस्ता रहित दिवस के रुप में पहचाना जाता है। इस दिन छात्र बस्ता लेकर नहीं आते। मध्यान्ह भोजन के साथ खेलकूद की गतिविधियां व्यायाम, योगा एवं सांस्कृतिक गतिविधियां कराने के साथ छात्रों के इच्छानुरुप वैसे कार्यक्रम भी कराए जाते हैं। कुछ स्कूलों में इसका अच्छे ढंग से पालन किया जा रहा है। वहीं कुछ शासकीय स्कूल अभी भी उसी पुराने ढर्रे में संचालित हैं। शाला कलेंडर के अनुसार इसका पालन कराया जाने का निर्देश राज्य शासन की ओर से दिया गया है। बैगलेस डे के दिन साहित्यिक, सांस्कृतिक मूल परक शिक्षा, कला शिक्षा के अलावा पाठ्य पुस्तक के अतिरिक्त अन्य पाठन साग्रियों को शामिल किया गया है जिसमें छात्रों की रुचित होती है। जिला शिक्षा अधिकारी ने शनिवार के दिन इस तरह के गतिविधियों को चलाने के निर्देश सभी स्कूल के प्रधानपाठकों को दिए हैं।

## प्रायमरी व मिडिल स्कूल के छात्रों को बस्ते से मिली मुक्ति

**खास बातें**

- शासन ने सप्ताह के हर शनिवार को घोषित किया है बैगलेस डे



### इस वर्ष के शिक्षा सत्र में शामिल

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रायमरी और मिडिल स्कूल के छात्रों के मानसिक, व्यवहारिक, सांस्कृतिक विकास के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां की है। जिसके लिए बकायदा समय सारणी तैयार की गई है। प्रथम पाली के लिए और द्वितीय पाली के लिए अलग अलग कार्यक्रम तय किए गए हैं। मुस्कान विद्यालय शनिवार के दिन चलाया जाएगा। जिसके लिए मिडिल स्कूलों में किताबों की सप्लाई भी कर दी गई है।

## स्कूलों में काउंसलिंग से की जाएगी पदस्थापना

# प्रभार वाले प्रायमरी स्कूल को मिलेंगे पूर्णकालिक प्रधानपाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




जिले के प्रभार वाले प्रायमरी स्कूलों में जल्द ही पूर्णकालिक प्रधानपाठक की पदस्थापना होने वाली है। 2 सौ पदों के लिए प्रमोशन सूची जारी करने बैठी डीपीसी की मोहर लग गई है। काउंसलिंग के द्वारा प्रधानपाठकों की पदस्थापना की जाएगी। बीते लंबे समय से प्रायमरी स्कूल में पूर्णकालिक प्रधानपाठक की पदोन्नति सूची को लेकर शिक्षा विभाग में कवायद चल रही थी। वरिष्ठता सूची तैयार करने के बाद प्रमोशन सूची पर मोहर लगाई गई।

सहायक शिक्षक से प्रधानपाठक का पद प्रमोशन के लिए आश लगाए बैठे वरिष्ठ शिक्षकों की उम्मीद जल्द पूरी होने जाने वाली है। दो दिन पूर्व शिक्षा विभाग में प्रमोशन सूची जारी करने हेतु बनाई गई डीपीसी की बैठक आहूत की गई जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में प्रमोशन सूची को जारी करने के लिए हरी झंडी दे दी गई है। प्रधानपाठक के दो सौ पद में प्रभारियों की पदस्थापना की गई थी। प्रमोशन सूची जारी नहीं होने के कारण प्रभार में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थापना की गई थी। जिसको लेकर सहायक शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल भी प्रमोशन सूची जारी करने की मांग कर चुका था। शिक्षकों के विभिन्न संघों ने अपने स्तर पर प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर प्रमोशन सूची जारी करने की मांग की थी। जिसपर शिक्षा विभाग ने वरिष्ठता सूची सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से मांगी और दावा आपत्ति के बाद अंतिम सूची तैयार की गई। प्रमोशन हेतु प्रशासन द्वारा प्राचार्यों की कमेटी बनाई गई थी। डीपीसी कमेटी के नाम से पहचाने जाने वाली इस कमेटी की बैठक दो दिन पूर्व आहूत की गई। जिसमें प्रमोशन सूची जारी करने का निर्णय लिया गया।

**खास बात**

- दो सौ पदों के लिए जारी होगी प्रमोशन सूची, डीपीसी की लगी मोहर

### नए शिक्षण सत्र शुरु होने के 20 दिन बाद पदस्थापना

नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 25 जून से होने के बाद प्रधानपाठकों की पदोन्नति को लेकर सूची तैयार करने का काम शुरु कर दिया गया था। 20 दिन बाद शिक्षा विभाग ने डीपीसी की बैठक आहूत करने के बाद सूची जारी करने का निर्णय लिया है। लंबे समय से प्रभारी प्रधानपाठक के भरोसे चल रहे प्राथमिक शाला को पूर्णकालिक प्रधानपाठक मिलेंगे। इनमें कई ऐसे नियमित शिक्षक भी शामिल हैं जिनकी सेवा अवधि को 15 से 20 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और कुछ सेवानिवृत्त के करीब आ चुके हैं। ऐसे वरिष्ठ शिक्षकों को सेवानिवृत्त होने के पूर्व बढ़े हुए वेतनमान का लाभ मिलेगा।

### काउंसलिंग से होगी पदस्थापना

प्रमोशन सूची जारी होने के बाद स्कूलों में नए प्रधानपाठकों की पदस्थापना काउंसलिंग के द्वारा की जाएगी जिसके लिए रिक्त प्रधानपाठक पद वाले स्कूलों की सूची चस्पा की जाएगी। जिसके माध्यम से पोस्टिंग की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस प्रक्रिया में सबसे पहले महिला विकलांग को पहले बुलाया जाएगा। उसके बाद पुरुष विकलांग, फिर महिला और अंत में पुरुष वर्ग के शिक्षकों को काउंसलिंग में आमंत्रित किया जाएगा। आने वाले दिनों में विभाग काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरु करेगा।

### शीघ्र जारी होगी सूची

प्रायमरी प्रधानपाठक की पदोन्नति सूची जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई है। कुछ कार्यवाही बाकी है जिसे पूर्ण करने के बाद शीघ्र ही पदोन्नति सूची जारी कर दी जाएगी। प्रभार वाले प्रायमरी स्कूलों में प्रधानपाठक की पदस्थापना की जाएगी।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# पेट्रोल पंप परिसर में खड़े डीजी वाहन में उठी चिंगारी, कई गाड़ियां जली



पेट्रोल पंप में खड़ी वाहनों में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की देर रात पेट्रोल पंप में उस समय हड़कंप मच गया था जब पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी एक डीजी जेनरेटर गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और आग देखते-देखते विकराल रूप ले लिया और डीजी जनरेटर गाड़ी के आसपास खड़े एक-एक कर तीन गाड़ी आग की चपेट में आ गए। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि आग के लपटें पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंची अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। हालांकि आगजनी की घटना से गाड़ी मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुस्कान पेट्रोल पंप का संचालन किया जाता है। बताया जाता है कि पेट्रोल पंप में रोज की तरह कुछ गाड़ी मालिक अपनी गाड़ियों को पेट्रोल पंप परिसर में खड़ा कर चालक अपने-अपने घर चले गए थे और देर रात लगभग 12 बजे के आसपास पेट्रोल पंप परिसर में खड़ी एक डीजी जनरेटर गाड़ी में शॉर्ट सर्किट हुई और चिंगारी उठने लगी। चिंगारी उठता देख पेट्रोल पंप में मौजूद कर्मचारियों ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन देखते ही देखते आग की लपटों ने विकराल रूप ले लिया और फिर क्या था एक-एक कर पास में खड़ी डीजी जनरेटर की गाड़ी से आग ने फैलना शुरू किया जहां मौके पर खड़ी एक क्रेन, एक चार पहिया वाहन, एक एक्टिवा वाहन देखते ही देखते आग की चपेट में आ गए। आग की लपटे देख ऐसा लग रहा था कि आग कहीं पेट्रोल पंप में न फैल जाए। देर रात इसकी सूचना मिलते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा दल बल सहित मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। शहरी व उपनगरीय क्षेत्र से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद आग को काबू किया जा सका। घटना का सुखद पहलू रहा कि आगजनी की घटना पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंची अन्यथा एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। हालांकि इस आगजनी की घटना से गाड़ी मालिकों को लाखों का नुकसान होना बताया जा रहा है।

**खास बातें**

- कुसमुंडा के मुस्कान पेट्रोल पंप में रविवार की देररात हुई घटना
- एक चिंगारी से पेट्रोल पंप में भड़क सकती थी आग, दमकल और पुलिस की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद किया काबू



आग को बुझाता फायर ब्रिगेड का अमला।

# दंपती गए थे काम पर, घर का कुंदा तोड़कर चोर ले भागे जेवरात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपत्ति काम पर गए हुए थे इस दौरान उसके घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में रखे 50 हजार नगद, सोने चांदी की और सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत सामने आने पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बेंदरकोना की है। यहां निवासरत पंचराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी पत्नी के साथ गांव के समीप स्थित फैक्टरी पर काम पर गए हुए थे इस दौरान घर पर ताला बंद था जब वे शाम को लौटे तो पाया कि उनके मकान का ताला टूटा हुआ है और अलमारी के सारे सामान सोने चांदी के जेवरात सहित 50 हजार नगदी अन्य सामानों की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## राम केंवट का रिकॉर्ड दुरूस्ती कर प्रदान किया गया बी-1 खसरा

# रीडर की शिकायत, कलेक्टर ने तत्काल हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों, वनांचलों से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। जन चौपाल में कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने जनचौपाल में अपनी समस्या का निराकरण के लिए आए लोगों द्वारा कोरबा तहसील कार्यालय में पदस्थ अतिरिक्त तहसीलदार के वाचक कमलेश मित्रा के संबंध में शिकायत की गई। कलेक्टर ने इस मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए रीडर श्री मित्रा को अपने समक्ष तलब किया। कलेक्टर द्वारा प्रकरण के संबंध में किए गए प्रश्नों के संबंध में रीडर द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं देने तथा शिकायत की पुष्टि होने पर कलेक्टर ने तहसीलदार कोरबा को रीडर को प्रभार से हटाने के निर्देश दिए। तहसीलदार कोरबा द्वारा कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में श्री मित्रा को तत्काल रीडर के प्रभार से हटा दिया गया है। इसी प्रकार बरपाली तहसील के ग्राम लबेद निवासी राम केंवट द्वारा रिकॉर्ड दुरूस्ती के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार बरपाली को तत्काल आवेदक का रिकॉर्ड दुरूस्ती कर खसरा बी-1 प्रदान करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार बरपाली द्वारा श्रीराम केंवट का नाम रिकॉर्ड में सह खातेदार के रूप में जोड़कर तत्काल रिकॉर्ड दुरूस्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही आवेदक को खसरा बी-1 नक्शा सहित प्रदान किया गया।



जनदर्शन में शिकायत सुनते कलेक्टर।

# निगम वार्ड सीमा के प्रस्ताव तैयार, मांगे आपत्ति व सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आने वाले नगरीय चुनाव के लिए शासन द्वारा नए सिरे से आबादी के आधार पर वार्ड सीमा का निर्धारण करने के लिए शुरु की गई प्रक्रिया के तहत सभी वार्डों के तैयार किए गए वार्ड सीमा प्रस्ताव पर आम लोगों की आपत्ति और उनसे सुझाव मांगे गए हैं। जिसे सात दिन के अंदर कलेक्टर कार्यालय में देना होगा। वार्ड सीमा का प्रस्ताव आमलोगों के अवलोकन हेतु जोन कार्यालय व नगर निगम कार्यालय में उपलब्ध है।

नगरीय निकाय चुनाव की प्रारंभिक प्रक्रिया शुरु हो गई है। वर्ष 2011 की जनगणना को आधार मानकर नए सिरे से वार्ड के सीमा का निर्धारण किया जाना है जिसके तहत नगर निगम क्षेत्र को 67 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा का निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो नगर निगम के मुख्य कार्यालय एवं निगम के सभी जोन कार्यालयों में कार्यालयीन समय पर निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं, इन प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति व सुझाव आगामी 7 दिन के भीतर लिखित रूप से कलेक्टर में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। तैयार किए गए वार्ड सीमा में स्कूल, सड़क, मंदिर, तालाब व अन्य शासकीय भवन को सीमा के रुप में चिन्हांकित किया गया है। नगर निगम के अमले के द्वारा वार्डों में भ्रमण कर सीमा का निर्धारण किया गया है।



# सिंगर नहीं पुजारी बनने के लिए घर से भागे थे कैलाश

**मुंबई।** कैलाश खैर का नाम बॉलीवुड के पॉपुलर सिगर्स की लिस्ट में शुमार हैं। आज उनका बर्थडे है। क्या आप ये जानते हैं कि कैलाश कभी सिगर बनना ही नहीं चाहते थे बल्कि वो पुजारी बनने के लिए छोटी सी उम्र में घर छोड़कर भाग गए थे। कैलाश खका जन्म 7 जुलाई को दिल्ली में हुआ था। उनके पिता एक लोक गायक थे। दरअसल कैलाश जब कैलाश खेर 14 साल के थे। तो घर से पुजारी बनने के लिए ऋषिकेश भाग गए। वहां कुछ दिन रहने के बाद उन्हें समझ आ गया कि ये सब उनके लिए नहीं है। इस चीज से वो एक दिन इस कदर निराश हो गए थे कि उन्होंने गंगा नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## 'कुबेर' का पहला टीजर जारी

एजेंसी ⏭ मुंबई



साउथ फिल्म इंडस्ट्री से लेकर बॉलीवुड तक एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। बीते साल रणबीर कपूर के साथ आई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' की सफलता के बाद एक्ट्रेस काफी डिमांड में हैं। उनके हाथ बॉलीवुड के एक और बड़ी फिल्म हाथ लगी है।

सलमान खान के साथ अगली फिल्म 'सिकंदर' में नजर आएंगी। इससे पहले उनकी एक और फिल्म सुर्खियों में है। रश्मिका और धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' को लेकर काफी बज़ है। अब इस फिल्म का पहला लुक सामने आ गया है। शुक्रवार को मेकर्स और रश्मिका ने फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। 5 जुलाई को रश्मिका ने अपने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर शेयर किया जिसमें वह एक अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। 'कुबेर' का ये टीजर वीडियो 48 सेकेंड का है जिसमें काफी सस्पेंस बना हुआ है। फिल्म 'कुबेर' में रश्मिका मंदान और धनुष के अलावा नागार्जुन अक्किनेनी भी नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन कमान शेखर कम्मुला ने किया है। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। फिलहाल अभी फिल्म की रिलीज डेट सामने नहं आई है। वीडियो में रश्मिका आधी रात में एक जंगल जैसी गुमनाम जगह पर जाती हैं, अपने आसपास देखती हैं और फिर जमीन खोदना शुरू करती हैं। जमीन से एक सूटकेस निकालती हैं जिसमें ढेर सारे पैसे भरे होते हैं। उसे देख वह खुशी हो जाती हैं और भगवान को हाथ जोड़ते हुए धन्यवाद देती हैं। इस पूरे सीन से फिल्म को लेकर काफी सस्पेंस बना हुआ है।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑस्कर विजेता जॉन नहीं रहे...

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विजेता निर्माता जॉन लैंडौ, जिन्होंने फिल्म निर्माता जेम्स कैमरून के साथ मिलकर फिल्म 'टाइटैनिक' और 'अवतार' के लिए काम किया था। उनका कैंसर के कारण निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। निधन से पहले लैंडौ ने 'अवतार 2' सीक्वल के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 1997 में रिलीज हुई 'टाइटैनिक' को लैंडौ और कैमरून की बदौलत सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार और तीन ऑस्कर जीते। इस जोड़ी ने अब तक रिलीज हुई सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चार फिल्मों में से तीन साथ में बनाई है।




# जॉन सीना ने की डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा...

**लॉस एंजिलस।** पहलवान और अभिनेता जॉन सीना ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास की घोषणा कर दी है। जॉन साल 2001 से डब्ल्यूडब्ल्यूई से जुड़े हुए है और 16 बार वर्ल्ड चैंपियन का खिताब जीत चुके हैं। जॉन सीना ने एलान करते हुए कहा कि वो रेसलमेनिया 2025 के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास ले रहे हैं। जॉन सीना को लोग 23 साल से भी ज्यादा समय से रिंग में पहलवानी करते हुए देख रहे हैं और जब अगले साल वो आखिरी बार रिंग में उतरेंगे तो उनके चाहने वालों के लिए वो भावुक कर देना वाला पल होने वाला है। मालूम हो कि जॉन सीना डब्ल्यूडब्ल्यूई में 2018 से पार्ट-टाइम ही नजर आ रहे हैं। उन्हें अक्सर एक तौलिया के साथ देखा जाता रहा है, जिस पर 'कभी हार ना मानो' लिखा होता था, लेकिन इस बार उनके तौलिया पर लिखा था- 'अब आखिरी बार है'। जॉन सीना ने अपने संन्यास की घोषणा 'मनी इन द बैंक' के दौरान की, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई की एक रेसलिंग प्रतियोगिता है।



# भड़के डॉक्टर: कहा- जेल भेजना चाहिए...

**मुंबई।** बीते कुछ सालों से सामंथा रुथ प्रभु मायोसाइटिस बीमारी से जूझ रही हैं। उन्होंने इसका इलाज भी कराया है और अब वह स्वस्थ्य हैं। बीते दिनों एक्ट्रेस को सामान्य वायरल हो गया था। इसके लिए उन्होंने लोगों को बिना जरूरत के दवाई लेने से मना करते हुए लोगों को नेबुलाइजर में हाइड्रोजन पेरोक्साइड और डिस्टिल्ड वॉटर का इस्तेमाल कर इलाज का उपाय बता रही थीं। उन्होंने कहा था कि इसका उपयोग करने से तुरंत आराम मिलता है और ये अनावश्यक दवाओं से बचता है। सामंथा के इस उपाय को लेकर एक डॉक्टर ने इस तरह की खतरनाक टिप्स देने पर उनकी जमकर आलोचना की और सामंथा को हेल्थ और साइंस का अज्ञानी बताते हुए लिखा कि लोगों की जिंदगी खतरे में डालने पर सामंथा पर फाइन लगना चाहिए या जेल भेजा जाना चाहिए।



# 'सिकंदर' में नजर आएंगे सत्यराज व प्रतीक

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एआर मुरुगडॉस ने संभाली है, वहीं साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। 'सिकंदर' में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। ताजा खबर यह है कि प्रतीक बब्बर और सत्यराज फिल्म 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। 'सिकंदर' की शूटिंग का पहला शेड्यूल खत्म हो चुका है। यह फिल्म अगले साल ईद के खास मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नाडियाडवाला ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर प्रतीक और सत्यराज की कुछ तस्वीरें साझा की हैं।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता में 'मिसेज सोढ़ी' से लेकर 'टप्पू' के किरदार में अब नए चेहरे..

**मुंबई।** कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' हमेशा चर्चा में बना रहता है। ये शो पिछले 15 सालों से दर्शकों को एंटरटेन करता हुआ आ रहा है। तारक मेहता शो में दिलीप जोशी को जेठालाल की भूमिका में देखा जाता है। जेठालाल तो इस शो की जान हैं। वहीं मुनमुन दत्ता तारक मेहता शो में बबीताजी की भूमिका में दिखाई देती हैं। बबीता जी पर जेठालाल जान न्योछावर करने को भी तैयार रहते हैं।

***इन कलाकारों को किया गया रिप्लेस:*** इस शो में पिछले सालों में कई बदलाव हुए हैं। जी हां आपको बता दें कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अभी तक कई किरदारों को रिप्लेस किया जा चुका है। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम टप्पू का आता है। टप्पू को शो में फैंस काफी पसंद करते हैं। इस रोल को सबसे पहले भव्य गांधी निभा रहे थे। बाद में इस रोल को राज अनादकट और अब फिर उनकी जगह नीतीश भलूनी ने ले ली है।

***मिस्टर एंड मिसेज सोढ़ी :*** इसके अलावा शो में मिसेज रोशन सोढ़ी का रोल जेनिफर बंसीवाल निभा रही थीं लेकिन उन्होंने इस शो को अलविदा कह दिया और अब मोनाज मेवावाला इस किरदार में दिखाई दे रही हैं। लिस्ट में आगे नाम है रोशन सिंह सोढ़ी का रोल निभाने वाले एक्टर गुरुचरण सिंह का, जी हां उन्होंने शो छोड़ दिया था जिसके बाद इस रोल को लाड सिंह ने निभाया था, लेकिन उन्होंने भी शो को छोड़ दिया था फिर अब बलविंदर सिंह रोशन सोढ़ी का किरदार निभा रहे हैं।

## बचपन में ही घर छोड़कर भाग गई थीं शहनाज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' में अपनी चुलबुली अदाओं से दिल जीतने वाली शहनाज गिल अपने फैंस के दिलों पर खूब राज करती हैं, लेकिन एक टाइम ऐसा था जब शहनाज ने दर-दर की ठोकरें खाई हैं। शहनाज गिल



ने आज अपनी मेहनत के दम पर टीवी से लेकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बना ली है लेकिन एक समय ऐसा था जब इंडस्ट्री में नाम बनाने के लिए एक्ट्रेस बचपन में ही घर से भाग गई थी। शहनाज को हमेशा से खुद पर भरोसा था कि उनके सपने एक ना एक दिन पूरे हो जाएंगे। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से खुद को बुलाने वाली एक्ट्रेस शहनाज को असली पहचान बिग बॉस से मिली है। बिग बॉस के घर के अंदर भी शहनाज ने बताया था कि, 'जब वह शूटिंग के लिए घर से निकलती थी, तो कोई भी उन्हें सेट तक छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता था। घर में बहुत हंगामा होता था। इसके बाद करीब 3-4 साल तक घरवालों से उन्होंने सारे रिश्ते खत्म कर लिए थे।

# आलिया व शरवरी की फिल्म से उठा पर्दा: टाइटल हुआ रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अक्सर अपने धमाकेदार फिल्म को लेकर चर्चा में रहती हैं। इसी बीच आलिया और शरवरी की फिल्म का टाइटल रिलीज किया गया है। दरअसल, आलिया भट्ट आदित्य चोपड़ा की वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की



पहली फीमेल लीड फिल्म एक्ट्रेस हैं। इसी बीच मेकर्स ने वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो के बैकग्राउंड में आलिया भट्ट की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं बता दें, यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स को और भी बड़ा कर रहा है। अब तक उनके बैनर तले 'वॉर' से लेकर 'टाइगर' और 'पठान' जैसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें शाहरुख खान से लेकर सलमान खान और ऋतिक रोशन जैसे सेलेब्स दमदार एक्शन करते हुए नजर आए थे। ऐसे में अब यशराज के सबसे बड़े यूनिवर्स में बॉलीवुड एक्ट्रेसेज आलिया और शरवरी का नाम भी जुड़ गया है।

***देश के दुश्मनों से भिड़ेंगी आलिया-शरवरी वाघ :*** इस फिल्म में आलिया भट्ट और शरवरी वाघ देश के दुश्मनों से भिड़ती नजर आएंगी। हालांकि, वायआरएफ ने ये कदम समाज में उस गलतफहमी को तोड़ने के लिए उठाया है कि केवल पुरुष ही अल्फा हो सकते हैं। ऐसे में अब 'अल्फा' का पहला वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# रणवीर चुराते थे निर्माताओं के फोन नंबर बदला सरनेम, बेच चुके हैं चिकन...

**मुंबई।** रणवीर सिंह आए दिन किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। वह फिल्म इंडस्ट्री का वो नाम हैं, जिन्होंने अपने दम पर अपनी एक खास पहचान बनाई है। रणवीर आज यानी 6 जुलाई को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। वे अमेरिका की स्टारबक्स कैफे में पार्ट टाइम नौकरी भी करते थे। उस दौरान वह एक विज्ञापन एजेंसी में बतौर राइटर काम करते थे।

***असली सरनेम सिंह नहीं.... :*** बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ होंगे कि रणवीर का सरनेम सिंह नहीं, बल्कि भवनानी है। फिल्मों में आने से पहले ही उन्होंने अपना सरनेम बदल दिया था।



दरअसल, एक इंटरव्यू में उन्होंने इसका खुलासा किया था कि यह सरनेम उनके नाम के साथ काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में उन्होंने इस बदलकर सिंह कर लिया। उन्हें लोग रणवीर सिंह के नाम से ही जानते हैं। रणवीर भवनानी से कोई नहीं जानता।

***लोगों के फोन से चुराते थे निर्माताओं के नंबर:*** रणवीर ने बताया था कि वह प्रोडक्शन हाउस में जाकर अपना पोर्टफोलियो दिया करते थे, लेकिन निर्देशक उसे कचरे के डब्बे में फेंक देते थे। एक समय उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वो हीरो बन पाएंगे। काम की तलाश में रेस्तरां और नाइट क्लब में वह निर्माताओं का पीछा किया करते थे, ताकि उन्हें फिल्मों में एक बार मौका मिल जाए। वह फिल्मों में एक मौका पाने के लिए लोगों के फोन से निर्माताओं के नंबर चुराया करते थे।

***कॉलेज के दिनों में बेचा चिकन :*** रणवीर ने बताया था कि कॉलेज के दिनों में पार्ट टाइम नौकरी करने के दौरान वह बटर चिकन बेचते थे और बनाया भी करते थे। जब उन्होंने अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था, तब उन्होंने अभिनय और थिएटर के गुर सीखना शुरू किए।

***बॉलीवुड से पुराना नाता :*** रणवीर का 50 के दशक की अभिनेत्री चांद बर्क से बहुत करीबी नाता है, जिन्हें राज कपूर ने फिल्मों में ब्रेक दिया था। रणवीर इन्हीं के पोते हैं।

## ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी

# इस माह रिलीज होने वाली हैं कई बड़ी फिल्में, इन सितारों पर लगा है दांव


*जून में कई फिल्में दर्शकों के बीच आईं। कुछ सफल रहीं तो कुछ असफल। हालांकि, 'कल्कि 2898 एडी' के साथ इस महीने का अंत धमाकेदार रहा। अब जुलाई में भी सिनेप्रेमियों को कई बढ़िया फिल्मों की सौगात मिलने वाली है। ज्यादातर फिल्में सिनेमाघरों का रुख करेंगी, वहीं कुछ ओटीटी पर भी दस्तक देंगी। जुलाई के महीने में कई सितारों की किस्मत दांव पर लगी है। आइए जानते हैं जुलाई में कितनी फिल्में रिलीज हो रहीं जो आपका मनोरंजन करेंगी।*

### 'औरों में कहां दम था'




इस साल के पहले 6 महीने में 'शैतान' और 'मैदान' जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करने वाले दमदार अभिनेता अजय देवगन फिल्म 'औरों में कहां दम था' लेकर आ रहे हैं। उनकी इस फिल्म ने 5 जुलाई को सिनेमाघरों का रुख किया। नीरज पांडे ने इसका निर्देशन किया है। फिल्म में अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी है, वहीं जिमी शेरगिल भी इसमें एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।

### 'किल'



यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि करण जौहर और गुनीत मोंगा ने मिलकर इसे बनाया है। टीवी के जाने-माने अभिनेता लक्ष्य लालवानी इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में वाहवाही लूट चुकी है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। राघव जुयाल और तान्या मणिकतला भी इसका हिस्सा हैं। यह फिल्म भी 5 जुलाई को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है।

### 'सरफिरा'



अक्षय कुमार की बड़े बजट की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद के मौके पर रिलीज हुई थी, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना कमाल नहीं दिखाया। अब वह फिर 'सरफिरा' के साथ रुपहले पर्दे पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। राधिका मदान और परेश रावल फिल्म में अक्षय के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। यह फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी।

### 'इंडियन 2' और 'बैड न्यूज'

अक्षय का सामना बॉक्स ऑफिस पर कमल हासन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'इंडियन 2' से होने वाला है। दरअसल, यह फिल्म भी 12 जुलाई को ही सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई की एक कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म का ट्रेलर और इसमें कमल का धांसू अवतार दर्शकों को बेहद पसंद आया है। उधर फिल्म 'बैड न्यूज' सिनेमाघरों में 19 जुलाई को आएगी। इसके लिए पहली बार विक्की कौशल, तृप्ति डिमरी और एमी विर्क की तिकड़ी साथ आई है।



### 'ककुड़ा' और 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब'

सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम की फिल्म 'ककुड़ा' 12 जुलाई को जी 5 पर रिलीज होगी। उधर वरुण शर्मा, सनी सिंह, पत्रलेखा और जस्सी गिल की चर्चित कॉमेडी फिल्म 'वाइल्ड वाइल्ड पंजाब' 10 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है।



### खबर संक्षेप



## शादी समारोह में प्री वेडिंग नहीं होनी चाहिए

**कटघोरा।** जायसवाल महिला सभा कटघोरा की बैठक 7 जुलाई को 7 बजे पुरानी बस्ती राम शंकर जायसवाल निवास स्थान में आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शादी समारोह में प्री वेडिंग नहीं करनी चाहिए। इससे अनावश्यक आर्थिक बोझ होता है। बैठक में डा शकुंतला जायसवाल, ललिता डिक्सेना पूर्व नगर पालिका प्रेसिडेंट, संगीता जायसवाल, पुष्पा डिक्सेना, सुनीता जायसवाल, सुषमा जायसवाल, उमा जायसवाल, माधुरी जायसवाल, किरण जायसवाल, भावना जायसवाल, रंजू डिक्सेना, बाली जायसवाल, अर्चना डिक्सेना, भवना जायसवाल, अनुपमा जायसवाल, नम्रता जायसवाल, मीना जायसवाल उपस्थित रहे।

## कोरबा मेमन जमात के हाजी अमीन शेखानी बने अध्यक्ष



**कोरबा।** कोरबा मेमन जमात ने समाज की सालाना बैठक रविवार को बुलाई गई। जिसमें कोरबा एवं आसपास उपनगरीय क्षेत्र के मेमन जमात से जुड़े सभी लोग एकत्रित हुए। समाज की बैठक में मेमन जमात के पूर्व अध्यक्ष फारूक मेमन ने अपना सालाना हिसाब किताब पेश किया एवं अपना कार्यकाल पूर्ण किया। साथ ही मेमन जमात ने सर्व सम्मति से मेमन जमात के नए अध्यक्ष के रूप में कोरबा के प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी के संचालक हाजी अमीन शेखानी को निर्विरोध मेमन जमात का नया अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष बनने से समाज में हर्ष व्याप्त है।

## छग राज्य ग्रामीण बैंक ने वाहन ऋण मेला का किया आयोजन



**कोरबा।** रथ यात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय अंतर्गत वाहन ऋण मेला यात्रा महोत्सव आयोजित किया गया। सफल क्रियान्वयन हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर चांपा एवं सक्ती अंतर्गत शाखाओं से ऋण वितरण हेतु ऋण मेला यात्रा महोत्सव आयोजित कर 13 कार ऋण ब्याज दर 8.50 प्रतिशत से 9.25 प्रतिशत तक एवं 3 कमर्शियल वाहन ऋण ब्याज दर 10 प्रतिशत स्वीकृत कर वितरित किये गए। जिसके बाद विभिन्न वाहन शोरूम से रथ यात्रा त्यौहार के दिन समस्त वाहनों की डिलीवरी की गई। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में कार ऋण 8.50 प्रतिशत एवं कमर्शियल वाहन 10 प्रतिशत ऋण हेतु सबसे कम ब्याज दर पर निम्न कागज़ी कार्यवाही एवं केवल 1 दिन में वाहन ऋण स्वीकृत किये जा रहे हैं।

## ससुर ने अपनी बहू के साथ किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक ससुर ने झाड़-फूंक के नाम पर डरा धमका कर बहू का शारीरिक शोषण कर रहा था। बहू की शिकायत पर आरोपी ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बहू अपनी मां के साथ पुलिस थाना पहुंची और अपनी आपबीती पुलिस को बताई। पीड़िता का कहना है कि शादी के बाद से ही उस पर ससुर की बुरी नजर थी। शादी के बाद उसके दो बच्चे हुए। पारिवारिक जीवन अच्छा चल रहा था। लेकिन इसके बाद ससुर जबरदस्ती डरा धमकाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने लगा। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## औराझरिया घाट पर पलटा ट्रैक्टर, श्रमिक की मौत

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** नेशनल हाईवे 343 पर औराझरिया घाट पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से एक मजदूर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिनमें से दो लोगों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मजदूर नल जल योजना के तहत किए जा रहे कार्य के लिए सामान लेकर ग्राम मितगई जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जिले में चल रहे नल जल योजना के कार्यों में उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के कुछ मजदूर बलरामपुर आकर काम कर रहे है। रविवार को कुछ मजदूर ट्रैक्टर से नल जल योजना के कार्य से जुड़े सामान लेकर बलरामपुर से रामानुजगंज के ग्राम मितगई जा रहे थे। इस दौरान देर शाम 7 बजे जैसे ही ट्रैक्टर औराझरिया घाट के ढलान पर पहुंचा चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

### हाउसिंग बोर्ड से विभाग के द्वारा की जा रही है कार्यवाही

# कटघोरा की सिंचाई कॉलोनी की बदलेगी तस्वीर, विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा अनुविभाग के अंतर्गत स्थित सिंचाई विभाग के आवासीय परिसरों की शीघ्र ही तस्वीर बदली जाएगी। 40 वर्ष पूर्व

**खास बात**

- 40 वर्ष पूर्व बनाए गए थे सिंचाई कालोनी के आवास

बने आवासीय परिसर जीर्णोद्धार की स्थिति में पहुंच चुकी है। सिंचाई विभाग ने हाउसिंग बोर्ड से नई कॉलोनी बनाए जाने के संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। जिसे स्वीकृति के लिए राज्य शासन को भेजा गया है। इसके पूर्व हाउसिंग बोर्ड के द्वारा राजस्व कॉलोनियों का निर्माण सभी विकासखंड मुख्यालय में किया गया है।

जिले में सिंचाई विभाग के आवासीय परिसर चाहे जिला मुख्यालय में हो या ब्लॉक मुख्यालय में हो उनकी स्थिति डिस्मेंटल की स्थिति हो चुकी है किंतु उसके बावजूद विभागीय कर्मचारी परिवार सहित उनमें रहने को मजबूर हैं। ऐसे जर्जर आवासीय परिसरों की जगह नया आवासीय परिसर बनाए जाने का प्रस्ताव विभाग ने तैयार किया है। सबसे पहले कटघोरा अनुविभाग में 40 वर्ष पूर्व बनाई गई विभागीय आवासीय कॉलोनी की जगह नई कॉलोनी बनाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। कार्यपालन अभियंता के अनुसार कटघोरा में एक बड़ी आवासीय कॉलोनी विभाग की है। जिनके आवास जर्जर हो चुके हैं उनकी जगह नए आवास बनाए जाने के लिए हाउसिंग बोर्ड से बातचीत हुई है। निर्माण एजेंसी हाउसिंग बोर्ड को बनाया जाएगा और जमीन विभाग की रहेगी इसलिए अन्य शासकीय प्रक्रिया के पूरा करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। शासन से प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के पश्चात आगे की कार्यवाही शुरु की जाएगी। हाउसिंग बोर्ड को जमीन आबंटन के लिए जरुरत नहीं पड़ेगी। विभाग के पास मौजूद जमीन में ही कॉलोनी का निर्माण होने से विभागीय कर्मचारियों को एक सर्व सुविधायुक्त आवासीय कॉलोनी मिल सकेगी।

**फ्लैट सिस्टम की रहेगी कॉलोनी**

कॉलोनी का निर्माण फ्लैट सिस्टम में करने का चल रहा है। इसके पूर्व जितनी भी सरकारी कॉलोनी वर्तमान में हाउसिंग बोर्ड के द्वारा बनाई गई है वह सभी फ्लैट सिस्टम में ही है। जिला मुख्यालय में डिंगापुर न्यू राजस्व कॉलोनी का निर्माण फ्लैट सिस्टम में किया गया है। इसके अलावा पाली और पोड़ी उपरोड़ा में भी इसी तरह के आवासीय कॉलोनी बनी है जिसमें सभी विभाग के कर्मचारियों को आवास आबंटित किया गया है। ऐसी कॉलोनियों के निर्माण से ब्लॉक मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ कर्मचारियों को आवास की सुविधा उपलब्ध हो सकी है।

## चारपारा कोहड़िया मॉडल वार्ड बनने की ओर अग्रसर: नरेंद्र



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते पार्षद श्री देवांगन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्ड क्रमांक 16 चारपारा कोहड़िया अब मॉडल वार्ड बनने की ओर अग्रसर है, सड़क, नाली, पानी, बिजली समेत सभी मूलभूत सुविधाओं पर तेज़ी से काम चल रहा है। आम जनों की जो भी मांग होगी उसे निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा। उक्त बातें वार्ड के पार्षद नरेंद्र देवांगन ने नाली निर्माण के भूमिपूजन के अवसर पर कही। वार्ड के गरोड़ी मोहल्ला मे लंबे समय से नाली निर्माण की मांग थी। जल्द ही नाली निर्माण पूरा हो जाएगा। इससे लोगों की परेशानी से निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा की हाल ही मे वार्ड की सड़कों का डामरीकरण, मुक्तिधाम समेत कई विकास कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। इस अवसर पर राजकुमार पटेल, कपुरचंद पटेल, अनिल यादव दीपक जायसवाल, नरेंद्र गोस्वामी, युगल किशोर, वैभव शर्मा, सहित वार्ड के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## नगर में 59 वर्षों से निकाली जा रही जगन्नाथ जी की रथ यात्रा



रथयात्रा में उपस्थित नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष

**खास बात**

- रथयात्रा की कमान सुकलाल यादव ने संबाली

भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू किया गया। यहां विगत 59 वर्षों से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा स्व.जगमोहन महाराज द्वारा पुरानी बस्ती में शुरू किया गया था जो परंपरा आज तक चली आ रही है। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पुरानी बस्ती से शुरू होकर कारखाना मोहल्ला दुर्गा मंदिर, मोहल्ला बाजार मोहल्ला, मेन रोड बस स्टैंड होते हुए पुन पुरानी बस्ती गोकुल जायसवाल के निवास स्थान में विराजी। भगवान की पूजा अर्चना करने के लिए घर-घर रंगोली बने रहते हैं। सभी लोग भगवान का इंतजार करते रहे।

भगवान की रथ यात्रा 5 से 6 वार्ड में भ्रमण कराया जाता है जिससे हजारों की संख्या में दर्शन एवं पूजा अर्चना की। स्व.जगमोहन महाराज के बाद उनका शिष्य सुकलाल यादव द्वारा रथ यात्रा की कमान संभाली गई है। उनके साथ कान्हा, दौलत यादव, महेंद्र, होरी,दीपा खुशबू, पिंकी, मोंटी का सहयोग रहा। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा बाजे गाजे नाचते हुए निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

**कोरबा।** करतला थाना को मुखबीर से सूचना मिली कि सोन कुमार राठिया मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएन 0177 में दो अन्य व्यक्ति को बैठाकर चांपा की तरफ जाते समय, चांपा बांस प्लांट मोड के पास बोलेरो क्रमांक सीजी 10 एफ 3657 के चालक सोनू प्रसाद राठिया द्वारा लापरवाही उपेक्षा पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट करने से मौके पर मोटर सायकल चालक सोनकुमार राठिया का फौत हो गया एवं साथ में बैठे दर्शन अगरिया तथा पुष्पेन्द्र राठिया को अत्यधिक चोंट लगने से सीएचसी करतला से जिला अस्पताल कोरबा रिफर किया गया है। जांच पर बोलेरो वाहन चालक सोनूप्रसाद राठिया के विरूद्ध धारा 106(1), 125 भा0न0स0 का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को अनेकों अवार्ड से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



लायंस क्लब पदाधिकारी को सम्मानित करते हुए।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सेवा कार्यों में आगे रही है। क्लब के द्वारा किसी ना किसी माध्यम से सामाजिक व प्रशासनिक सेवा के कार्य किये जाते रहे हैं। यही कारण है कि लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी डिस्ट्रिक्ट के साथ ही मल्टीपल व इंटरनेशनल में भी अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए लगातार अवार्ड प्राप्त करते आई है। इसी कड़ी में सत्र 2023-24 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल (रायगढ़) ने अपने सत्र की अवार्ड सेरेमनी 7 जुलाई को बिलासपुर के होटल मेरियट में आयोजित किया गया। जिसमें पूरे डिस्ट्रिक्ट के क्लब शामिल हुए। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा सभी क्लबों में से जिन क्लबों के द्वारा उत्कृष्ट सेवा के कार्य किये गए उन्हें मंच से अवार्ड वितरण करते हुए सम्मानित किया। जिसमें लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी से डिस्ट्रिक्ट जीएमए चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरपर्सन अजय गर्ग, जोन चेयरपर्सन घनश्याम शर्मा, अध्यक्ष अजय धनोंदिया, सचिव आशीष अग्रवाल, परमानेंट प्रोजेक्ट, मानव सेवा के लिए लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला शैलेश अग्रवाल ने बताया कि निश्चित ही लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सभी सामाजिक सेवा कार्यों में आगे रही ही है। इसके साथ ही क्लब के द्वारा जिस प्रकार से छोटे जगह में भी परमानेंट प्रोजेक्ट में भी रुचि लेते हुए कार्य किये जा रहे है निश्चित ही सराहनीय है।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 23वीं बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



राजभाषा सदस्यों की बैठक में उपस्थित अधिकारी।

हिन्दी केंद्र सरकार के कार्यालयों की राजभाषा है, हमें इसके प्रति ईमानदारी से ज़िम्मेदारी निभाते हुए निरंतर इसके प्रयोग और विकास को सुनिश्चित करना होगा। उक्त उद्गार नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोरबा की बैठक में समिति अध्यक्ष राजीव खन्ना मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी कोरबा ने व्यक्त की। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कोरबा की 23वीं बैठक इंडियन ऑइल, कोरबा टर्मिनल के प्रशासनिक भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम, रिपोर्ट का प्रेषण, प्रयोग, प्रचार-प्रसार तथा कार्यान्वयन के विभिन्न मदों पर विस्तृत चर्चा के साथ ही केंद्रीय विद्यालय-2 तथा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, एनटीपीसी इकाई के राजभाषा प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक आरंभ होने से पूर्व इंडियन ऑइल के टर्मिनल प्रमुख शास्वत राहा ने अध्यक्ष महोदय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। श्री राहा ने विभिन्न कार्यालयों से पधारे सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कोरबा टर्मिनल की गतिविधियों से अवगत करवाया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष राजीव खन्ना मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी कोरबा ने सभी सदस्य-कार्यालय के प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

## केएन कालेज के शिक्षकों ने अल्प वेतन की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ज्ञापन सौंपते केएन कालेज के शिक्षक।

कमला नेहरू महाविद्यालय के शिक्षको को मिल रहे अल्प वेतन को लेकर भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद डॉ. सरोज पांडे, को ज्ञापन सौंपा सह मांग पत्र सौंपा है जिसमे वेतन वृद्धि या शासकीय कारण करने की मांग रखी है। चुनाव उपरांत से ही डॉ सरोज पांडेय कोरबा लोकसभा छेत्र में सक्रिय है, मतदाताओं का विधानसभा वार सम्मान समारोह आयोजित कर सबका अभिनंदन कर रही है प्रवास के दौरान कावेरी रेस्ट हाउस एनटीपीसी में प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला।

कमला नेहरू महाविद्यालय, कोरबा में सन् 1971 में स्थापित जिले का प्रथम महाविद्यालय है जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा 2 एफ 12 बी में पंजीकृत है तथा छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा अनुदान प्राप्त है, जिसने दो चरणों में राष्ट्रीय मूल्यॉंकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा अपना मूल्यांकन भी करवाया है। महाविद्यालय में कला, वाणिज्य तथा विज्ञान की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के साथ पी.जी.डी.बी.एम. एवं पी.जी.डी.सी.ए., बी.लिब., एग.लिब., बी.एड., एम.ए. शिक्षा जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। कोरबा की तात्कालीन जमींदारिनी रानी धनराज कुंवर एवं उनकी पौत्रवधु श्रीमती निर्मला सिंह द्वारा समिति को प्रदत्त 2.5 एकड़ भूमि पर महाविद्यालय का संचालन एवं प्रबंधन कमला नेहरू महाविद्यालय शिक्षण समिति के द्वारा किया जा रहा है। समय की मांग के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए महाविद्यालय. के पास पर्याप्त आधारभूत संरचना 25 अध्यापन कक्ष, 12 प्रयोगशालाएं 2 सेमीनार हाल, 6 स्मार्ट कक्ष, 100 कम्प्यूटरों से सुसज्जित प्रयोगशाला, पृथक ग्रंथालय भवन, क्रीडाभवन, कैंटीन आदि समी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जिनका लाभ कोरवा शहर के अलावा क्षेत्र के पिछडे एवं आदिवासी छात्र/छात्राओं को प्राप्त होता है। वर्तमान में महाविद्यालय के ग्रंथपाल दो कार्यालय सहायकों तथा एक प्रयोगशाला परिचारक को ही राज्य शासन द्वारा वेतन अनुदान प्रदान किया जा रहा है। शेष 46 सहायक प्राध्यापाकों एवं 20 कर्मचारियों की वेतन एवं अन्य सुविधाएं कमला नेहरू महाविद्यालय समिति द्वारा अपने अल्प संसाधनों से पूरी की जा रही है।

### कामरेड दिपेश मिश्रा ने क्षेत्रीय सचिव का पद छोड़ा

## मज़दूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जारी रहेगी जंग: हरिद्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं एसकेएमएस (एसईसीएल) के केन्द्रीय महामंत्री कामरेड हरिद्वार सिंह थे इस अवसर पर यूनियन के उप महासचिव कामरेड रामायण कुलदीप, उपाध्यक्ष कामरेड दीपक उपाध्याय एवं संयुक्त सचिव कामरेड एल पी अघरिया भी मौजूद थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष कोरबा कामरेड बी धर्माराव सभी उपाध्यक्षगण कामरेड उमेश शर्मा कामरेड रिषभ सिंह कामरेड राजू श्रीवास्तव कामरेड राजेश पांडेय की अध्यक्षता में कोरबा क्षेत्र का सम्मेलन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कामरेड हरिद्वार सिंह ने कहा कि भारत सरकार मज़दूरों, किसानों, गरीबों के ख़िलाफ़ तरह तरह के हथकंडे अपना रही है विपक्ष विहीन संसद में 3 घंटे में 14 जन विरोधी किसान विरोधी मज़दूर विरोधी क़ानून बना दिये। हम डटकर मुक़ाबला करेंगे उन्होंने कहा कि कोयला खदानों में धडल्ले से आउटसोर्सिंग में खदानें चलायी जा रहीं है तथा ठेका मज़दूरों का शोषण किया जा रहा है हमें हर स्तर पर लड़ना होगा अन्य नेता गण भी संम्मेलन को संबोधित किए तत्पश्चात क्षेत्रीय सचिव कामरेड दिपेश मिश्रा ने पांच बर्षों का रिपोर्ट प्रस्तुत किया साथ ही साथ देश के राजनीतिक परिस्थितियों पर बिस्तार से चर्चा किये कामरेड दिपेश मिश्रा ने क्षेत्रीय अध्यक्ष,क्षेत्रीय सचिव एवं कार्यवाहक अध्यक्ष के नामो की घोषणा किये तदनुसार कामरेड मनीष सिंह के अध्यक्ष कामरेड बी धर्माराव को क्षेत्रीय सचिव एवं कामरेड सुभाष सिंह को कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया कामरेड दिपेश मिश्रा ने अपना क्षेत्रीय सचिव का पद छोड़ दिया कोषाध्यक्ष के लिए कामरेड अरुण राठौर को चुना गया सभी उप शाखाओं के अध्यक्ष को उपाध्यक्ष एवं सचिव को संयुक्त सचिव के पद पर चयन किया गया कार्यकारिणी सदस्यों के साथ ही 51 सदस्यों की कमेटी बनाने की घोषणा की गयी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को फुलों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार पोड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. -202406050400013 /अ-32/2023-2024
ग्राम-अमलडीहा

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम अमलडीहा प.ह.नं. 38, रा०नि०मं० सुतर्रा तहसील पोडी उपरोड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण महिपाल पिता धनाउ +03 अन्य निवासी ग्राम अमलडीहा तह० पोडीउपरोड़ा के द्वारा ग्राम अमलडीहा प०ह०नं० 38, रा०नि०मं० सुतर्रा तह० पोड़ीउपरोड़ा स्थित भूमि खसरा नम्बर 1/15 रकबा 1.315 हेक्टेयर भूमि न्यायालय तहसीलदार कटघोरा के रा०प्र०कं० अ-19/1975-76 आदेश दिनांक 06.05.1976 के द्वारा शासकीय पट्टे के अंतर्गत कृषि प्रयोजनार्थ हेतु आबंटित किया जाना बताते हुए 20 वर्ष की कालावधि पूर्ण हो जाने से छ०ग० नगरेत्तर क्षेत्रों में शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत भूमि स्वामी अधिकार प्रदान करने बाबत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय कोरबा के समक्ष पेश किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 24/07/2024 तक स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 05/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पोड़ी उपरोड़ा**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र द्वारा खातेदार कांति बाई पति सूरजभान प्रसाद (फौत) वारिसान ऊषा बाई पिता सूरजभान साकिन बरकुटा तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम बरकुटा तहसील दीपका स्थित भूमि ख.नं. 182/3 रकबा 0.28 ए. भूमि एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार/खातेदार द्वारा अर्जित भूमिक के एवज में अपने पुत्री स्मृति भावना पिता राधेश्याम पाण्डेय को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/07/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 08/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईशहार जारी किया गया।

**तहसीलदार दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा०) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला-कोरबा (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-202407050300004 /अ-2/2023-2024
ग्राम-लखनपुर, प.ह.नं-43

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मनोज कुमार पिता होकर ग्राम लखनुपर प.ह.नं 43, रा.नि.मं. सुतर्रा तहसील पोंडी उपरोड़ा जिला कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमि ख.न. 29/5/ग रकबा 0.165 हे. में से 0.121 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/07/2024 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान- पोंड़ी उपरोड़ा
दिनांक- 05-07-2024

**सक्षम प्राधिकारी**
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पोड़ी उपरोड़ा (छ.ग.)**

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

8 korba-BHOOMI-pg4_Layout 1 7/9/2024 12:17 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### परिवार नियोजन के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक

**कोरबा।** जिले में परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से 24 जुलाई तक विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा प्रचार-प्रसार रथ को रवाना किया गया है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विकासखण्डों में घूमकर परिवार नियोजन के स्थाई तथा अस्थाई साधन के संबंध में जागरूकता प्रदान करेगा। सीएमएचओ ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष एवं महिला नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर कर परिवार नियोजन के महत्व के बारे में जनता को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन के साधन निशुल्क उपलब्ध हैं इसमें पुरुष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भनिरोधक गोली, अंतर इंजेक्शन, कॉपर टी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को महिला नसबंदी हेतु 2000 तथा पुरूष नसबंदी हेतु 3000 प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा।

### संगठन के प्रयास से स्कूल बस सेवा शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र में अपनी जमीन देने वाले किसान अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं परंतु आवागमन की पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण बच्चों को अच्छे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करना मुश्किल हो रहा था। इस समस्या को देखते हुए श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के द्वारा पिछले एक वर्ष से प्रयास किया जा रहा था। इसका परिणाम अब देखने को मिला है। सोमवार को केंद्रीय विद्यालय एवं डीएवी स्कूल कुसमुंडा के बच्चों के लिए बस का शुभारंभ किया गया। कुसमुंडा क्षेत्र के ग्राम जटराज, पाली, पडनिया, सोनपुरी, खैरभावना, कनबेरी के अभिभावक बच्चों को कोरबा, कुसमुंडा विद्यालय छोड़ने के लिए हमेशा परेशान रहते थे। कोरबा से कुसमुंडा चलने वाली स्कूल बस में बैठाने के लिए प्रतिदिन सर्वमंगला चौक जाना पड़ता था। बरसात में छोटे-छोटे बच्चों को घर से चौक तक छोड़ना मुश्किल हो रहा था। यह व्यवस्था कुसमुंडा प्रबंधन के द्वारा वैकल्पिक रूप से प्रदान की गई है। स्थाई रूप से बस सुविधा सीएसआर या खनिज न्यास से प्राप्त करने हेतु प्रयास किया जाएगा। अभिभावकों की मंशा है कि हमारे बच्चों को कुसमुंडा कोरबा के लिए बस सुविधा प्राप्त हो, जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हों सकें। इसके लिए श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन कुसमुंडा प्रयासरत है।

### कोरबा पूर्व संयत्र में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई 123वीं जयंती



**कोरबा।** डा. मा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह पूर्व में 6 जुलाई को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती मनायी गई। इस अवसर पर उपस्थित संयंत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता श्रीमती अंजना कुजुर, अति. मुख्य अभियंता संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी के आतिथ्य में डा. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कुजुर ने कहा डा. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ। वें बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थें। वे सच्चे अर्थो में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थें। डा मुखर्जी 33 वर्ष की अल्पायु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद की नियुक्ति पाने वाले सबसे कम आयु के कुलपति थे। स कार्यक्रम का संचालन वरि. कल्याण अधिकारी सह मुख्य रसायनज्ञ गोवर्धन सिदार के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर संयंत्र के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थें। कार्यक्रम का आयोजन सिविल विभाग के द्वारा किया गया।

# जल जीवन मिशन के काम पूरा होने के बाद ही ठेकेदारों को करें भुगतान : कलेक्टर

## बैठक में कलेक्टर ने पीएचई के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने सोमवार को जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक लेते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को करने वाले ठेकेदारों से कार्य पूर्ण कराने के पश्चात् ही उन्हें भुगतान, आधा-अधूरे कार्यों पर पूर्ण भुगतान न करें और भुगतान से पहले ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों का सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिम्मेदारी के साथ शीघ्रता एवं पारदर्शिता से लोगों के घरों तक गुणवत्ता मूलक कार्य करते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।

अलग खबर

कलेक्टर ने पीएचई और क्रेडा को दिए गए लक्ष्य तथा ग्रामवार काम पूर्ण करने की तिथि तय कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रशासकीय स्वीकृति, एकल ग्राम नल जल प्रदाय, रेट्रो फिटिंग, समूह नल जल योजनाओं का विवरण, सोलर आधारित मिनी नल जल प्रदाय योजना, हर घर जल प्रमाणीकरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत बसाहटों में पेयजल उपलब्धता हेतु किए जा रहे कार्य और जल संसाधन, सिंचाई विभाग द्वारा लिफ्ट इरिगेशन की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को होने वाले फायदे के अनुसार ही लिफ्ट इरिगेशन का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों में प्रगति लाने और गुणवत्ता मूलक कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत नियुक्त आईएसए की टीम की बैठक लेकर उन्हें मिशन के कार्यों और जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों में सम्मिलित करें।

**खास बात**

- जलजीवन मिशन के अधूरे कार्यों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी



## पुलिस ने अलग अलग थाना क्षेत्रों में की थी बाइक चोर गिरोह की घेराबंदी

# चार नाबालिग सहित 18 बदमाशों से चोरी की 21 बाइक बरामद





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम ने अलग-अलग थाना चौकी क्षेत्र में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने चार नाबालिक सहित कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है और आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की कुल 21 मोटरसाइकिल एवं अन्य घरेलू सामान बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम शहर व आउटर पर हो रही मोटरसाइकिल चोरी के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की धर-पकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी( इस बीच जिला पुलिस की टीम ने बाइक चोरी करने वाले गिरोह को धरदबोचा है। इस मामले में बालको पुलिस, दीपका पुलिस, सीएसईबी चौकी पुलिस व मानिकपुर चौकी पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्यवाही कर चार नाबालिक सहित कुल 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में क्रमशः परसाभांठा बालकोनगर निवासी जगदीश साहनी उर्फ टिल्ली पिता राजदेव उम्र 19 साल, कृष्णा जायसवाल उर्फ ओंकार पिता महेस राम उम्र 19 साल, अनुप उर्फ ननकी पिता गणेष राम उम्र 23 साल, सावन उर्फ पाण्डो पिता स्व. दशरथ दास उम्र 24 साल, सूरज यादव पिता स्व अशोक यादव उम्र 21 साल, राजकुमार उर्फ गुडडास पिता बृज लाल यादव उम्र 23 साल, रामजीवन उर्फ दादू यादव पिता कुंवर सिंह उम्र 24 साल, सतीश मरावी पिताराम सिंह मरावी उम्र 19 साल, लचीदा थाना अटवीरा जिला बरगढ़ उड़ीसा निवासी गणेश कुम्हार उर्फ बच्चा पिता नकुल कुम्हार उम्र 36 वर्ष, अख्तियारपुर थाना अगोता जिला गाजियाबाद (उ.प्र.) निवासी भूपेन्द्र शर्मा पिता श्यामवीर शर्मा उम्र 54 वर्ष, खम्हार थाना खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) निवासी परिमल दास महंत पिता घासीदास महंत उम्र 35 वर्ष, छुरीकला निवासी देवांश उर्फ करील देवांगन पिता अरुण देवांगन उर्फ 24 साल, रजकम्मा निवासी राजकुमार पिता कमल सिंह कंवर उम्र 27 साल, एम/14 पंप हाउस कालोनी निवासी साहिल कुमार बांगले पिता मोहन लाल बांगले उम्र 19 साल, भैसमा निवासी ओमप्रकाश यादव उर्फ प्रकाश पिता सीताराम यादव उम्र 18 वर्ष, गायत्री नगर रजगामार उज्जवल खुंटे पिता सुखराम खुंटे उम्र 19 साल, लक्ष्मीनारायण कश्यप पिता ईश्वर कष्यप उम्र 24 वर्ष, नवरतन दास पिता सालिक दास उम्र 19 साल को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बूलेट, होण्डा एक्टिवा, स्पलेंडर, डिलक्स एवं अन्य कंपनियों के कुल 21 नग मोटर सायकल तथा फ्रीज एक कुलर, एक एसी, एक इन्वर्टर बैटरी और गैस चूल्हा सिलेंडर एक नग पानी फिल्टर को जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# रथयात्रा के मेले में महिला से चैन स्नैचिंग करने वाले गिरोह की सरगना गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्रसिद्ध ग्राम दादर में रथयात्रा के दौरान एक शातिर महिला एक महिला के गले से चैन स्नेचिंग कर भागने की कोशिश कर रही थी लेकिन पुलिस की तगड़ी सुरक्षा घेराबंदी के चलते चोरी कर भाग रही शातिर महिला को पुलिस ने धरदबोचा है। महिला के कब्जे से चोरी की चैन को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**खास बात**

- मानिकपुर चौकी पुलिस ने की थी तगड़ी सुरक्षा घेरा, जिसके चलते महिला भागने में नहीं हो पायी कामयाब

उल्लेखनीय है कि रविवार को रथयात्रा के मद्देनजर दादर में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था लगाई गई थी लेकिन इस दौरान भी कई चोर गिरोह मेले में सक्रिय था। बताया जाता है कि जंगल कॉलोनी निवासी रतन यादव 50 वर्ष अपने परिवार के साथ रथयात्रा देखने गई हुई थी। इस दौरान देर शाम को बलरामपुर कुसमी निवासी हाल मुकाम बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कोनकोना निवासी बाराती गिरी 30 वर्ष पति सुरेंद्र गिरी अपने गिरोह के साथ मौके पर एक्टिव थी। जहां बाराती गिरी ने रतना यादव के गले से चेन स्नेचिंग कर भागने की कोशिश कर रही थी जैसे ही इसकी भनक पुलिस के अधिकारियों को लगी मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रेमचंद यादव और उनकी टीम एक्टिव हो गई और चेन स्नेचिंग कर भाग रही बाराती गिरी को पुलिस ने तत्काल धरदबोचा। पकड़े गए महिला के कब्जे से पुलिस ने रतना यादव के गले से छीनी गई चैन को भी बरामद कर आरोपी महिला के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिला।

### कोनकोना से ऑपरेट हो रहा है गिरोह

चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पकड़ी गई महिला बाराती गिरी मूलतः बलरामपुर जिले के ग्राम कुसमी रामनगर की रहने वाली है जो पिछले कुछ महीने से बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम कोनकोना में निवास करती है और इस महिला के साथ कुछ अन्य महिलाएं भी इसी क्षेत्र में निवास करती हैं और रथयात्रा, मेला व भीड़भाड़ वाले इलाकों में घुसकर इन महिलाओं के द्वारा इसी तरह की चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया जाता है। पुलिस ने इस गिरोह की सरगना बाराती गिरी को धरदबोचा है जबकि इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# तृतीय राज्य स्तरीय कलरिपयतु चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त तथा राष्ट्रीय खेल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं स्कूल गेम्स में शामिल कलरिपयतु खेल का तृतीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन आदर्श नगर सामुदायिक भवन, कुसमुंडा, कोरबा में 6 से 8 जुलाई तक किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि चंद्रमोहन पांडेय प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल कुसमुंडा, सुरेश क्रिस्टोफर सचिव कोरबा जिला ओलंपिक संघ, दीनू पटेल खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा, लखन कुमार साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलरिपयतु एसोसिएशन कमलेश देवांगन सचिव छत्तीसगढ़ कलरिपयतु एसोसिएशन के उपस्थित में सम्पन्न हुआ तथा समापन समारोह में एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्य अतिथि बीरेंद्र साहब एवं भाजपा नेता विकेश झा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें उन्होंने खिलाड़ियों के लिए क्षेत्र की ओर हरसंभव मदद का करने की बात कही साथ ही सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने हेतु उत्साहित किया। महासचिव कमलेश देवांगन ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी राष्ट्रीय कलरिपयतु चैंपियनशिप में भाग लेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं 37वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए किया जाएगा।



प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

# बांकीमोंगरा नगर पालिका में नहीं होगी सेटअप व फंड की कमी




कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री श्री देवांगन, विधायक श्री पटेल तथा पूर्व महापौर जोगेश लांबा एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के संचालन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत सभी सदस्यों के पदभार ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में वाणिज्य, उद्योग और श्रममंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह,पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भागवत विश्वकर्मा समेत अन्य अधिक संख्या में उपस्थित रहे। संचालन समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शैल राठौर, उपाध्यक्ष कमला बरेठ, सदस्य प्रभावती चौहान, सतीश झा, लखपत शर्मा, अश्विनी मिश्रा, संतोष राठौर, मेलू पटेल, ज्योतिदास महंत ने मंत्री लखन लाल देवांगन का महामाला से स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि आज बांकीमोंगरा नगर पालिका में विकास का नया सूर्योदय आज होने जा रहा है। बांकीमोंगरा की जनता बहुत भाग्यशाली है की उनको पहला अध्यक्ष शैल राठौर नारी शक्ति के रुप में नेतृत्तकर्ता मिला है। बांकीमोंगरा की जनता लंबे समय से विकास नहीं होने का मलाल झेल रही थी। निगम में भाजपा शासन के बाद से बांकीमोंगरा की जनता ने विकास होता नहीं देखा। अब बांकीमोंगरा की जनता को विकास के लिए सोचना नहीं पड़ेगा।अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केंद्र और राज्य दोनों से नगर पालिका के विकास कार्यों के लिए राशि मिलेगी। विष्णुदेव सरकार में निकाय को न तो सेटअप की न ही फंड की कमी नहीं होगी।

**खास बात**

- नपा के मनोनीत सदस्यों ने किया पदभार ग्रहण

# सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है।मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अमरैय्यापारा की है। यहां निवासरत मुकेश शाह की पत्नी सुनीता देवी उम्र लगभग 40 वर्ष 4 दिनों पूर्व निहारिका क्षेत्र में हादसे की शिकार हो गई थी। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए रविवार की देर शाम उसे मेडिकल कॉलेज में दाखिल कराया गया था कि इलाज के दौरान सुनीता देवी की मौत हो गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित ननकी ढाबा के सामने सुतर्रा मार्ग पर अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा जीवित होने की आश में मृतक के शव को तुरंत उठाकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान बांकी मोंगरा निवासी राजेश महंत उम्र लगभग 40 साल वर्ष के रूप में प्रारंभिक रूप से हुई है। फिलहाल घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट रही है।

### हाई स्कूल कुसमुंडा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**गेवरा दीपका।** शाकसीय हाईस्कूल कुसमुंडा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इस दौरान छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की अगवाई स्कूल के प्रधान अध्यापक लक्ष्मीकांत साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं वहां उपस्थित विशिष्टजनों के हाथों स्कूल के कुछ बच्चों को किताबें और यूनिफॉर्म प्रदान किया गया। संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के दौरान क्षेत्र बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि संतोष राठौर, विकेश झा, लखन राठौर, मुकुल कर्ष, राजेश पटेल शालिकराम दुबे, दिलीप दास तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस ने सुभाष चौक निहारिका में किया धरना-प्रदर्शन

# राज्य सरकार बढ़ी बिजली दर लें वापस : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा सरकार समय पर बिजली नहीं दे पा रही है। बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। यह नियम आम जनता पर अत्याचार है। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है, इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। प्रदेश की भाजपा सरकार को बिजली दर में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए।

उक्त बातें सांसद ज्योत्सना महंत ने सुभाष चौक निहारिका में जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान महापौर राजकिशोर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था, जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रुपए तक की बचत हुई है। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल रहती है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि भाजपा से न सरकार संभल रहा है और न ही व्यवस्थाएं। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षद पालूराम साहू, सुखसागर, डॉ गोपाल कुर्रे, सीताराम चौहान, अरिफ खान, सीमा उपाध्याय, नफीजा हुसैन, महेन्द्र निर्मलकर, पवन विश्वकर्मा एवं राजेश यादव धरना प्रदर्शन को संबोधित किया। दर्री, बालको, कुसमुण्डा, बांकीमोंगरा, कटघोरा, पाली, पोडी उपरोडा, पसान, दीपका, हरदीबाजार, करतला, एवं बरपाली ब्लाक में भी कांग्रेस पदाधिकारी एवं आमजनों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया है। इस मौके पर सुरेश कुमार सहगल, आंनद पालीवाल, मो. शाहिद, बच्चुलाल मखवानी, कुंजबिहारी साहू, राजेन्द्र सूर्यवंशी, अनवर रजा, बेद नायक, बनवारी पाहुजा, श्रीमती सपना चौहान, राजेन्द्र तिवारी, सुरज महंत, धुरपाल सिंह कंवर, मनीराम साहू, दुष्यंत शर्मा, गजानंद साहू, मुकेश राठौर एफडी मानिकपुरी, विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




धरना को संबोधित करते महापौर।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780